## प्राश्न अभ्यास कार्य

अवतरण को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर हिंदी कार्यपुस्तिका – **2** में लिखिए।

हुदहुद एक बहुत ही सुन्दर पंछी है। इसके शरीर का सबसे सुंदर भाग इसके सिर की कलगी होती है। वैसे तो यह इसे समेटे रहता है। पर जैसे ही किसी तरह की आवाज़ होती है, यह चौकन्ना होकर परों को फैला लेता है। तब यह कलगी देखने में हू-ब-हू किसी सुंदर पंखी जैसी लगने लगती है। हुदहुद का सारा शरीर रंग-बिरंगा और चटकीला होता है। पंख काले-काले होते हैं जिन पर मोटी सफ़ेद धारियाँ बनी होती हैं। गर्दन का अगला हिस्सा बादामी रंग का होता है। चोटी भी बादामी रंग की होती है, मगर उसके सिरे काले और सफ़ेद होते हैं। दुम का भीतरी हिस्सा सफ़ेद और बाहरी हिस्सा काले रंग का होता है। चोंच पतली, लंबी तथा तीखी होती है। इस चोंच से यह आसानी से ज़मीन के भीतर छिपे हुए कीड़े मकोड़ों को ढूँढ निकालता है। इसकी चोंच नाखून काटने वाली 'नहरनी' से बहुत मिलती है और शायद इसीलिए कहीं-कहीं इसे 'हजामिन चिड़िया' के नाम से भी पुकारते हैं। हुदहुद हमारे देश के सभी भागों में पाए जाते हैं।

(क) हुदहुद के शरीर का सबसे सुन्दर अंग कौन-सा है?

(ख) किसी आवाज को सुनकर हुदहुद क्या करता है?

(ग) हुदहुद के पंख कैसे होते हैं?

(घ) हुदहुद की दुम कैसी होती है?

(ङ) हुदहुद अपनी चोंच से किन्हें ढूँढ निकालता है?

(च) हुदहुद को 'हजामिन चिड़िया' के नाम से क्यों पुकारा जाता है?

[Time: 15 minutes MI: Verbal, logical RBT: Understanding]